## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी।** डीडवाना जिले के चितावा थाना क्षेत्र की नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी हेमंत कुमार सेन को हुडील गांव से गिरफ्तार किया है। उस पर नाबालिग का अपहरण कर अपने साथ नागौर और जोधपुर ले जाने का आरोप है। इस मामले में पीड़िता की एक रिश्तेदार ने 2 नवंबर को चितावा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें उसने बताया था कि गत 29 अक्टूबर को वह अपने पति के साथ अपने रिश्तेदार के घर गई हुई थी। इस दौरान घर पर उनके एक रिश्तेदार की नाबालिग पुत्री मौजूद थी। इसी दौरान आरोपी हेमंत कुमार सेन घर पर आया और बालिका का अपहरण कर अपने साथ ले गया।

## खेजड़ी के पेड़ से गिरकर वृद्ध की मौत



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी।** कृषि कार्य करते समय मृत्यु हो जाने सम्बन्धी मुकदमा वृत्त कुचामनसिटी के पुलिस थाना मारोठ में दर्ज हुआ है। इस सम्बन्ध में प्रार्थी अशोक कुमार पुत्र मनोहरराम जाट निवासी हरिपुरा ने मुकदमा दर्ज कराया है कि उसके बड़े पिता लिछ्मणराम पुत्र हुकमाराम सुबह कृषि कार्य कर रहे थे। खेजड़ी छांगते समय गिरने से वे अचेत हो गए। घायल को राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में केशवानन्द कॉलेज की टीम बनी विजेता



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** एनएच. 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पीजी. कॉलेज भड़ाढर में शेखावाटी विश्वविद्यालय की अन्तर-महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन केशवानन्द कॉलेज ने 197 रन का लक्ष्य बनाया। जानकारी देते हुए प्राचार्य ललित किशोर तंवर ने बताया कि दूसरे दिन खेले गये मुकाबलों में केशवानन्द कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 197 रन का लक्ष्य रखा। जिसमें क्रिकेटर विवेक कलवानिया ने मात्र 75 गेदों में ही शानदार शतक लगाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अरावली पीजी कॉलेज नीमकाथाना मात्र 8 ओवर में 48 रनों पर ऑलवाउट हो गई। जिसमें केशवानन्द कालेज के प्रियाशु बोयत व अनिल खीचड ने 2-2 विकट चटकाकर जीत दर्ज की।

## तोदी महाविद्यालय की छात्रा पूजा चौधरी ने निशानेबाजी में जीता स्वर्ण पदक

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** शेखावाटी यूनिवर्सिटी स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा पूजा चौधरी ने स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब रही है। यह जानकारी देते हुए तोदी



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने बताया कि शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा पोदार कॉलेज नवलगढ़ में आयोजित अंतर महाविद्यालय निशानेबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि पूजा चौधरी ने 10 मीटर राइफल प्रतियोगिता में 200 में से 193 अंक प्राप्त किए। विजेता छात्रा को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत द्वारा बधाई दी गई तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों विद्यार्थियों ने भी खुशी का इजहार किया तथा विजेता छात्रा को बधाई दी।

## काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में 30 तक हो सकेगा आवेदन

**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी।** अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रदेश और राज्य सरकार की और से कई योजनाएं संचालित की जा रही है। पात्र विधार्थी ऑनलाइन आवेदन कर इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकते है। नागौर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गोपाल जीनगर ने बताया कि वर्तमान में तीन ऐसी योजनाएं है जिनके आवेदन ऑनलाइन लिए जा रहे है । उन्होंने बताया की सरकार की कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के जरिए स्कूटी लेने के लिए अनूसूचित जाति और अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राओं से इन दिनों आवेदन लिए जा रहे हैं। पहले इस योजना में आवेदन की आखिरी तारीख 20 नवंबर थी जिसे बढ़ाकर अब 30 नवंबर कर दिया गया है। महाविद्यालय में अध्ययन करने वाली अल्पसंख्यक वर्ग और अनुसूचित जाति की वे छात्राएं जिन्होंने राजकीय और निजी विद्यालय में अध्ययन करते हुए 12वीं कक्षा में 75त्न से ज्यादा अंक हासिल किए हैं वो इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। नागौर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गोपाल जीनकर ने बताया कि इसी क्रम में सरकार की मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के लिए भी आवेदन लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक वर्ग की वे छात्राएं जिन्होंने 12वीं कक्षा नियमित रूप से अध्ययन की हो और 75प्रतिशत अंक हासिल किए और वर्तमान में वो छात्रा महाविद्यालय में नियमित छात्रा के रूप में अध्ययन कर रही हो , छात्रा के परिवार की वार्षिक ढाई लाख रुपए तक हो वो वो इस योजना से लाभान्वित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

# हमारा संविधान हमारी शक्ति, संविधान दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** संविधान दिवस पर सीकर के जिला सूचना केंद्र में जिला स्तरीय प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही विचार संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिला कलक्टर मुकुल शर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई।

जिला कलक्टर ने कहा- भारतवर्ष में संविधान का सबसे अधिक महत्व है। आज के लोकतंत्र में संविधान ही हमारा धर्म है और इसी आधार पर हम चलते हैं और हमारा देश चलता है। संविधान पंथ और धर्मनिरपेक्ष हैं। हम किसी जाति प्रथा पर बिलीव नहीं करते और यह हमें हमारा संविधान बताता है। हमारे मौलिक अधिकार क्या हैं, हमारे अधिकार क्या हैं और हमारी ड्यूटी क्या है यह सब हमें संविधान बताता है। हमारा देश हमारे संविधान से चलता है और हम सब उसके लिए प्रतिबद्ध हैं। 200 वर्ष कि भारत की गुलामी के बाद आजाद हुए और 1949 में संविधान को अंगीकृत किया गया।

इसके बाद से हमारा लोकतंत्र संविधान पर चलता है और यही हमारी शक्ति है। आज सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई है। हम आने वाले समय में भी संविधान के लिए निष्ठावान होकर कार्य करेंगे।

## सखी वन स्टॉप केंद्र पर मदद फाउंडेशन ने मनाया संविधान दिवस



**सीकर।** संविधान दिवस पर सखी वन स्टॉप केंद्र पर भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें सभी के द्वारा संविधान के मूल्य पर चर्चा की गई साथ में संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई है। सखी स्टॉप केंद्र की प्रबंधक विद्या जोशी में बताया कि मदद फाउंडेशन सदस्य द्वारा यहां पर सहभागिता निभाई गई। भारत में हर साल 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है। साल 2024 की थीम 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' रखी गई है। इस बार भारतीय संविधान को अपनाए हुए 75 वर्ष हो गए हैं। ऐसे में यह वर्ष देश वासियों के लिए खास है। हर साल इस दिवस की थीम बदलती है। इस कड़ी में इस बार संविधान दिवस की थीम 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' है। इस में सखी वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक विद्या जोशी नीतू शर्मा सुमन कर प्रभु दयाल महाप्रबंधक मोहम्मद आरिफ रविंद्र कुमार पतंजलि सैनी बाबूलाल मीणा श्री कनीराम सारानिया दीपेंद्र माथुर नरेंद्र लोग अश्विनी पारीक अवनीश कुमार सचिन माथुर मदनलाल गजानंद साधना सेठी उपस्थित रहे।

## शेखावटी ग्रुप में संविधान दिवस मनाया



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** जयपुर रोड स्थित शेखावाटी संध्या लॉ इंस्टीट्यूट में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि विभाग अध्यक्ष अभिषेक सुरोलिया ने अतिथियों का स्वागत सम्मान कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था निदेशक डॉ. केके व्यास एवं प्राचार्य डॉ. सुरजीत कुमार एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीष माथुर मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन सहायक आचार्य प्रियंका गहलोत द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई। जिनमें भाषण प्रतियोगिता में माधवी वर्मा ने प्रथम, प्रियंका राठौर ने द्वितीय तथा मोहित गुर्जर ने तृतीय और निबंध लेखन प्रतियोगिता में दिनेश चंद मीणा ने प्रथम, प्रियंका राठौर ने द्वितीय तथा स्वाति सैनी ने तृतीय और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वंदना गहलोत ने प्रथम, रुहीन गोरी ने द्वितीय तथा प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एकेडमिक हेड मो. शोएब खान द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं प्रियांशु महर्षि ने सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में आईटीआई प्राचार्य मोनू शर्मा, प्रबंधन एवं कॉमर्स विभाग अध्यक्ष डॉ. निशा पूनिया व सूर्यप्रकाश शर्मा, विज्ञान विभाग अध्यक्ष सैयद इकराम, भूपेंद्र शर्मा एवं पूजा माथुर आदि मौजूद रहे तथा विधि विभाग की ओर से मुकेश कुमार, डॉ. गीतांजलि वर्मा, ममता कुमावत एवं संजना तंवर आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यालय में संविधान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** जिला भाजपा कार्यालय में संविधान दिवस मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान संविधान निर्माता डॉ. भींमराव अंबेडकर को याद करते हुए संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद सैनी की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गोविंद सैनी ने कहा कि आज ही दिन संविधान को प्रस्तुत किया गया। इसमें डॉ. भींमराव अंबेडकर का योगदान था। उन्होंने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाले कांग्रेस के नेता संसद में संविधान की प्रतियां लेकर घुमते हैं लेकिन वे संविधान का पालन नहीं करते हैं।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के तहत ही जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। वहीं कांग्रेस ने संविधान का दुरूपयोग किया। कहा कि देश में सभी को एकजूटता के साथ रहकर संविधान की रक्षा करनी चाहिए। इस दौरान जिला महामंत्री संजय सैनी, जिला उपाध्यक्ष गोविंदराम सैनी, जिला मंत्री ओमप्रकाश बिजारणियां, जगदीश कुमावत, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, विष्णु दीक्षित, शिवदयाल धाभाई, मनोज बाटड़, गौरव दीक्षित, गणेश चतेरा, कविता चौधरी, लक्ष्मण सिंह निर्वाण, उमा सैनी आदि मौजूद रहे।

**संविधान दिवस पर कमला मोदी महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित :** राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय नीमकाथाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. डॉ. मंजू वर्मा के नेतृत्व में समस्त स्टॉफ व छात्राओं द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। सहायक आचार्य डॉ. संजय कुमार एवं मोहर सिंह मीणा ने छात्राओं को संविधान के नियम, कानून व अधिकारों से परिचित करवाया। इसी क्रम में डॉ. अजीत, सह आचार्य के निर्देशन में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में डॉ. अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति ने किया। समस्त स्टॉफ व छात्राऐं उपस्थित रही।

## गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति की भारतीय संस्कार पर संगोष्ठी आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी।** गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत की इचलकरणजी इकाई द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर तिवाड़ी द्वारा घोषित संस्कार दिवस पर श्री लक्ष्मीनारायण गौ सेवा प्रतिष्ठान में अन्नकुट महोत्सव आयोजित कर संस्कार दिवस पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम किया।

इस अवसर पर आयोजित भारतीय संस्कृति पर संगोष्ठी कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुन्दर मंत्री, महाराष्ट्र के प्रभारी संभाजी नगर से कृष्णकान्त लढ़ा, मुम्बई महानगर प्रभारी रमेश कुमार काबरा, इचलकरणजी प्रभारी बृजमोहन काबरा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के भगतराम छाबड़ा, माई फ़ाउन्डेशन के उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर मर्दा मंचासिन रहे। भारतीय सनातन संस्कृति पर परिचर्चा संगोष्ठी के आयोजन में मुख्य अतिथि श्याम सुन्दर मंत्री का परिचय देते हुए बताया कि आप 44 से अधिक वर्षों से सेवा कार्यों में समर्पित है और महामहिम राष्टपति अब्दुल कलाम द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति हैं गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुन्दर मंत्री ने भारतीय संस्कृति के उन्नयन हेतु संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराते हुए बताया कि यह संस्था ब्रह्मलीन विरक्त त्यागी संत स्वामी रामसुखदास महाराज की प्रेरणा से 1996 में निर्मित हुई थी और अन्य संस्थाओं से अलग स्वरूप में गठित इस संस्था में चन्दा संग्रह, फण्ड निर्माण और कोषाध्यक्ष का पद भी नहीं होता है। संतों की आज्ञा से सनातन संस्कृति की रक्षा, संस्कार निर्माण, भ्रूण हत्या रोकथाम, हिन्दू समाज में भ्रूण हत्या की वजह से समाप्त हो रहे रिस्तों और समान नागरिक आचार संहिता के लिए जनजागृती के कार्य सतत् कर रही है राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुन्दर मंत्री ने संस्कारों में आ रही गिरावट एवं भ्रूण हत्या की वजह से समाप्त हो रहे रिश्तों पर चिंता जताते हुए कहा कि संस्था ने रजत जयन्ती महोत्सव के अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी के जन्म पर उत्सव मनाओ, बेटी को समय पर परणाओ और बहु को पढ़ाओं कार्यक्रम भी जोड़ा है। कार्यक्रम में शान्ति किशोर मंत्री, राधेश्याम भूतड़ा, संस्था के साधक सत्यनारायण तोषनीवाल, विकास काबरा, रामगोपाल मालानी, अनिरुद्ध काबरा, शरद बाहेती, कृष्णा मून्दड़ा, मनोज चंगेड़िया, श्री निवास बांगड़, हरी प्रसाद पोरवाल, अशोक पाटोदी, आनन्द बांगड़, निहाल चन्द तोषनीवाल, रामेश्वर लाल तोषनीवाल, दिनेश तोषनीवाल एवं अनैक सदस्यों ने चर्चा परिचर्चा में अपने विचार रखे। मातृशक्ति की सीमा मान्धनिया ने विचार व्यक्त किये। राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुन्दर मंत्री ने गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति का साहित्य सबको भेंट किया।

## अन्तर सदनीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** सैनिक स्कूल में मंगलवार को स्कूल के हॉकी ग्राउंड में आयोजित हो रही अन्तर सदनीय हॉकी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। स्कूल के सीनियर मास्टर ओंकार सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बाबूलाल शिवरान ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल आठ सदनों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को जूनियर एवं सीनियर दो वर्गों में बाँटा गया। इस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में कक्षा दसवीं से बाहरवीं एवं जूनियर वर्ग में कक्षा सातवीं से नवीं के छात्रों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग मे फाइनल मुकाबला हमीर हाउस एवं कुश हाउस के बीच हुआ जिसमे कुश हाउस ने हमीर हाउस को हराया। जूनियर वर्ग में फाइनल मुकाबला हमीर हाउस एवं कुम्भा हाउस के बीच हुआ जिसमे कुम्भा हाउस ने हमीर हाउस को हराया। इस प्रतियोगिता में ओवरऑल हमीर हाउस प्रथम, कुम्भा हाउस द्वितीय एवं कुश हाउस तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के संयोजक सामाजिक विज्ञान के शिक्षक विकास चौबे एवं सह संयोजक गौरव जाखड़ थे। रेफरी का कार्य सीएचएम एम कन्नन, श्रष्टि, नितेश कुमार, शिवदान सिंह, संजय बारेगामा, रहीश मोहम्मद शेख एवं मनोज कुमार ने किया।

## शिक्षा संबल कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** हिंदुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर के तहत् संचालित शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं 17 प्रोजेक्ट स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन कर वर्तमान में किये जा रहे प्रयासों और भविष्य के सहयोग पर मंथन किया गया।

मीटिंग में मुख्य जिला अधिकारी कार्यालय से अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक लीला चतुर्वेदी, कार्यक्रम समन्वयक नफीज अहमद एवं 14 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सम्मिलित हुए। शिक्षा संबल कार्यक्रम से वर्तमान में जिले के 16 गांवों के 17 राजकीय विद्यालयों में विज्ञान, अंग्रेजी एवं गणित विषयों में सहयोग करते हुए कक्षा 6 से 12 के 1477 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे है। उपस्थित अतिथियों को कार्यक्रम के तहत संचालित प्रयासों एवं उपलब्धियों से परिचित एवं बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए आगामी योजनाओं से भी अवगत करवाया। बैठक में हिंदुस्तान जिंक की सीएसआर टीम से सुन्दर राज नायडू, रुचिका चावला, मयंक दर्जी एवं तन्वी सचदेवा उपस्थित थे।

कार्यक्रम की साझीदार संस्था विद्या भवन से अरुण कुमार, आशीष चैरडिया, भवानी भट्ट एवं कार्यक्रम की फील्ड समन्वयक ज्योति जोशी ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने हिंदुस्तान जिंक एवं विद्या भवन के प्रयासों की सराहना की और साथ ही अपने-अपने विद्यालयों की वस्तुस्थिति एवं आवश्यकताओं से अवगत करवाया। लीला चतुर्वेदी ने उन विद्यालयों पर फोकस करने का सुझाव दिया जहाँ विषयाध्यापक नियुक्त नहीं है। माध्यमिक स्कूल कंथारिया से कनकमल जैन ने विद्यार्थियों के ड्रॉप-आउट होने के मुद्दे पर ध्यान दिलाते हुए करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित करने का सुझाव दिया। हिंदुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा संभल कार्यक्रम शिक्षा पर केंद्रित सीएसआर पहल है, जो 2008 से संचालित है जो कि विद्या भवन सोसाइटी के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण छात्रों के बीच वैचारिक ज्ञान को मजबूत करना है, जिससे उनके सीखने के स्तर में सुधार हो सके।